हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 11 मई 2026



# निजी दुकानों से खाद लेने के लिए भी अब टोकन जरूरी, बना नया सॉफ्टवेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सहकारी समितियों में खाद लेने के लिए तो टोकन अनिवार्य है ही, लेकिन किसानों को अब खुले बाजार की निजी खाद दुकानों से भी खाद लेने के लिए टोकन अनिवार्य करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए साफ्टवेयर तैयार कर लिया गया है।

जिले में सेवा सहकारी समितियों और उर्वरक लाईसेंस लेकर संचालित दुकानों में खाद की बिक्री के लिए जल्द ही नई टोकन व्यवस्था लागू हो जाएगी। सहकारी समितियों में अपनी मर्जी से बिना जरूरत के भी खाद का उठाव करने वाले किसानों को इस साल ऐसा करने की छूट नहीं मिलेगी। इतना ही नहीं, बल्कि खुले बाजार में नगद रकम देकर जितनी मर्जी खाद का उठाव करने वाले किसान भी इस साल मायूस हो जाएंगे।

**एमपी का मॉडल होगा लांच**

निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए उन्हें एप में जाकर ऑनलाइन टोकन लेना होगा। इसके बाद ही वे बाजार से खाद का उठाव कर सकेंगे। हालांकि सरकार द्वारा बीते वर्ष ही इसकी तैयारी शुरू कर दी गई थी, लेकिन इस साल जरूरत के अनुरूप खाद का भंडारण कम होने एवं भविष्य में भी उत्पादन में कमी के कारण आवक कमजोर होने के कारण सरकार द्वारा इस व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू हो चुकी है। बताया गया कि यही व्यवस्था को जिसे अब पूरे देश में लागू करने की तैयारी है।

## थमेगी कालाबाजारीः अपनी मनमर्जी से जितनी चाहे उतनी खाद नहीं खरीद पाएंगे किसान

अलग खबर

### बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन अब खाद भी नहीं

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए बीते वर्ष एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य किया गया था, लेकिन इस साल इसमें और कड़ाई करते अब बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन वाले किसानों को खाद देने पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है। जिले में अब तक एक लाख से अधिक किसानों ने अपना एग्रीस्टेक पंजीयन करवा लिया है।

### खास बातें

- विभाग लगातार दे रहा खाद दुकानों में दबिश
- रिकार्ड मेन्टेन करने के भी दिए निर्देश
- किसानों को मिलेगा जरूरत अनुसार खाद



### उर्वरक दुकानों के लिए नियम

सहकारी समितियों के अलावा अब निजी उर्वरक दुकानों से भी खाद लेने पर किसानों को अनिवार्य रूप से टोकन लेना होगा। इसके लिए साफ्टेवयर तैयार किया जा रहा है। बिना एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों को भी खाद नहीं दी जाएगी। किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर ही खाद दी जाएगी, ताकि खाद का अपव्यय न हो सके। इस व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर भी पूरी तरह रोक लग जाएगी।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1

## खबर संक्षेप

### मौसम बदला, तापमान लुढ़ककर पहुंचा 37 पर



**राजनांदगांव।** पिछले एक सप्ताह से प्रदेशभर के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। जिसका असर जिले में भी दिखा है। हालत यह है कि जहां सप्ताहभर पहले तक जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री को पार कर गया था। अब वह लुढ़ककर 37 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं पिछले तीन दिनों के दौरान जिले के अलग-अलग इलाकों में बेमौसम बारिश देखने को मिली है। जिससे न केवल दिन में बल्कि रात में भी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। हालांकि अब मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश के इस दौर में कमी देखने को मिलेगी। वहीं अधिकतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री का इजाफा देखने को मिल सकता है। इधर बेमौसम बारिश की वजह से किसानों को कुछ दिक्कतें जरुर देखने को मिली है। बताया गया कि सब्जी फसल को इस बेमौसम बारिश से काफी अधिक नुकसान हुआ है। इधर अब मौसम खुलने से किसानों को भी राहत मिलेगी।

### 15 मई तक मिलेगा एकमुश्त खाद्यान्न

**राजनांदगांव।** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के राशनकार्डधारी परिवारों को माह अप्रैल से जून 2026 तक आबंटित खाद्यान्न के एकमुश्त वितरण की समय-सीमा में वृद्धि की गई है। जारी आदेश के अनुसार अब राशनकार्डधारी हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। पूर्व निर्धारित समय-सीमा में खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर पाने वाले हितग्राही अब बढ़ी हुई अवधि में अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

## कई बड़े स्कूलों में भी चल रही पालकों के साथ यह ठगी, कार्रवाई जरूरी

# निजी स्कूलों की मनमानीः सीजी बोर्ड की मान्यता पर पढ़ा रहे सीबीएसई कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

भले ही प्रदेश सरकार ने पालकों को राहत देने के लिए निजी स्कूलों की मनमानी पर एक्शन लेने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं, लेकिन शहर में कुछ ऐसे नामी स्कूल भी हैं। जिनकी मान्यता भले ही सीजी बोर्ड की है, परन्तु प्रबंधन द्वारा बच्चों को सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई कराई जा रही है।

पालकों को गुमराह कर सीबीएसई के नाम पर भारी-भरकम फीस ली जा रही है, परन्तु इन स्कूलों को मान्यता सीजी बोर्ड की ही है। ऐसे में इन स्कूलों के खिलाफ भी शिक्षा महकमे को सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। चिंताजनक यह है कि नामी स्कूल होने के चलते इनके खिलाफ शिकायतें प्राप्त होने के बावजूद शिक्षा महकमा कोई ठोस एक्शन नहीं ले रहा है। हालांकि अब कलेक्टर जितेंद्र यादव ने साफ कर दिया है कि शासन के निर्देश अनुसार निजी स्कूलों पर मनमानी करने पर मान्यता रद्द करने तक की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में देखना यह है कि शहर में पालकों को गुमराह करने वाले इन स्कूलों पर अब विभाग क्या एक्शन लेता है।



### पालकों पर पड़ रहा आर्थिक दबाव

निजी स्कूलों के मनमानी के चलते बच्चों के पालकों को आर्थिक रुप से परेशान होना पड़ रहा है। बताया गया कि एससीईआरटी एवं एनसीईआरटी की किताबें जहां हजार से डेढ़ हजार रुपए में एक कक्षा के लिए आ जाती है। वहीं निजी पब्लिकेशन की जिन किताब से स्कूलें पढ़ाई करा रहे है। उनको खरीदने के लिए प्रति कक्षा पांच से छह हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते है।

### सीजी बोर्ड में भी नियम दरकिनार

शासन का साफतौर पर निर्देश है कि सीजी बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा पहली से दसवीं तक एससीइआरटी की छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित किताबें विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में इन स्कूलों में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को अन्य निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, परन्तु शहर की कई सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में एससीइआरटी की जगह दूसरे पब्लिकेशन की किताबों का उपयोग किया जा रहा है।

### एससीईआरटी किताबों से पढ़ाई के निर्देश

ज्ञात हो हाल ही में प्रदेश स्तर से सभी जिलो के लिए जारी निर्देश में यह साफ तौर पर कहां गया है कि सीबीएसई स्कूलों में जहां एनसीईआरटी किताबों से अध्ययन कराया जाना है। वहीं सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में एससीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराई जाए, लेकिन जिले के कई निजी स्कूल इस नियम को दरकिनार कर अपनी मनमानी कर रहे है। हालत यह है कि यह स्कूल एससीईआरटी की जगह निजी पब्लिकेशन की किताबों से बच्चों को पढ़ा रहे है, जिससे आर्थक रुप से पालको पर काफी दबाव पड़ रहा है।

### इन स्कूलों को सीबीएसई मान्यता

शिक्षा महकमे से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव ब्लॉक में केवल आठ स्कूल ही सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है। इनमें पेंड्री स्थित नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज बाजपेयी इंटरनेश्नल स्कूल बोरी, गायत्री विद्यापीठ, जेमजे नवजीवन, संस्कार सिटी स्कूल, वाईडनर मेमोरियल स्कूल, वेसलियन स्कूल एवं रायल किड्स में आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा शेष सभी स्कूल सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। हालांकि कई स्कूल इनमें सीजी बोर्ड से होने के बावजूद सीबीएसई की पढ़ाई करा रहे हैं।

## शॉर्ट-सर्किट से पोल में लगी भीषण आग




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बीच भारतमाता चौक पर हलवाई लाइन की ओर स्थित विद्युत पोल पर आज दोपहर लगभग 2 बजे शॉर्ट-सर्किट के चलते अचानक आग की लपटे उठने लगी और चंद मिनटों में ही आग ने पूरे विद्युत पोल को अपनी चपेट में ले लिया। विद्युत पोल पर आग लगने की वजह से लगातार स्पार्किंग और शॉर्ट-सर्किट से एक के बाद एक पटाखे जैसी आवाज आने लगी।

जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। वहीं स्पार्किंग और आग लगने की वजह से टूटे विद्युत तारों से दहशत का माहौल भी बन गया था। तत्काल लोगों ने अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, पंखे बंद कर दिए। वहीं मौके पर लोगों की भारी भीड़ भी आग देखने पहुंच गई थी।

### फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

इस आगजनी की सूचना विद्युत विभाग, अग्निशमन और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल मिनी फायर ब्रिगेड मौके पर भेजा गया। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने समीप के ट्रांसफार्मर से विद्युत प्रवाह बंद किया। जिसके बाद खंबे पर लगी आग बुझाई जा सकी। शॉर्ट-सर्किट से आग लगते ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारतमाता चौक से यातायात बंद कराया गया, जिस जगह पर आगजनी हुई, उस क्षेत्र में दर्जनों वाहन भी खड़े हुए थे।

## आईटीआई छात्रावास में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नव निर्माणाधीन आईटीआई बालिका छात्रावास में लगे खिड़की के सिल्वर धातु के स्लाइडर फ्रेम चोरी के मामले मे जांच पड़ताल करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना लालबाग पुलिस की त्वरित कार्रवाई।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी राकेश कुमार कंवर 28 वर्ष निवासी ग्राम जंतर थाना द्वारा 9 मई को थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेंड्री में गार्ड के पद पर कार्यरत है। नवनिर्माण छात्रावास भवन में लगी लगभग 60 स्लाइडर खिड़कियों में से कई खिड़कियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 70,000 रुपए थी। 9 मई को रात्रि लगभग 10 बजे छात्रावास परिसर में निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को खिड़की चोरी करते देखा गया। जिनमें से एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया गयाञ जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम व उम्र लगभग 18 वर्ष बताया। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपी की तलाश सरगर्मी से कर रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आरोपी को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

### एल्युमिनियम सेक्शन बरामद

आरोपी के कब्जे से एक बोरी में रखे एल्युमिनियम सेक्शन एवं खिड़की के कांच बरामद किए गए। बरामद सामानों की कीमती लगभग 20,000 रुपए है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर 2 मई को भी आईटीआई बालिका छात्रावास परिसर पेंड्री से स्लाइडर खिड़कियां चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में थाना लालबाग में धारा 305(ई), 3(5), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फरार अन्य आरोपी की पतासाजी एवं विवेचना कार्रवाई जारी है।

## मवेशियों के धरपकड़ का चार दिन चला अभियान, फिर वही हाल

# सड़क पर मवेशियों का डेरा, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने के लिए नगर निगम द्वारा सतत अभियान नहीं चलाए जाने की वजह से शहर की सड़कों पर फिर से मवेशियों का डेरा नजर आ रहा है। ठंड के मौसम में सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया। रात के वक्त सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारी रखे गए, लेकिन अब निगम का यह अभियान सड़क पर नजर नहीं आ रहा है। सड़क पर रात के वक्त मवेशी नजर आ रहे हैं। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर भी मवेशियों का डेरा दिखाई दे रहा है।

काऊ केचर के माध्यम से मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए नियमित अभियान नहीं चलाए जाने के चलते सड़क पर फिर से मवेशी नजर आ रहे हैं। रात के वक्त नगर निगम के सामने खैरागढ़ मार्ग पर, नंदई चौक, मोहारा रोड, रेवाडीह चौक, नया बस स्टैड चौक, महामाया चौक, जयस्तंभ चौक, गुड़ाखू लाइन, चिखली रोड, लखोली रोड सहित शहर की कई सड़कों पर मवेशी बैठी रहती है।



### फैल रही गंदगी

शहर में कई दूध डेयरी संचालकों द्वारा गोकुल नगर में जमीन मिलने के बाद के बाद भी अपनी मवेशियों को शहर के बीच ही रख रहे हैं। जिसकी वजह से सड़क पर मवेशियों के आने के साथ ही गंदगी भी फैल रही है। शहर के जेल रोड बल्देवबाग, तहसील कार्यालय रोड, हमालपारा, ठेठवार मोहल्ले में सड़क पर मवेशियों के होने के चलते गंदगी फैली रहती है।

### सड़क में दुर्घटना का खतरा

सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से यातायात बाधित होने के साथ ही जान का खतरा भी बना हुआ है। अक्सर तेज रफ्तार बाइक सवार मवेशियों से टकराकर घायल हो जाते हैं। कई बार उनकी जान भी चली जाती है। सड़क पर मवेशियों का डेरा केवल शहर के भीतर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी नजर आ रहा है। शहर के रामदरबार चौक से लेकर रेवाड़ीह चौक के बीच कई जगह पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है। खासकर मेडिकल कॉलेज रोड पर मवेशी बड़ी संख्या में सड़क के बीच ही बैठे रहते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रकों से हादसे भी होते हैं। इसके बावजूद इन मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

### कड़ी कार्रवाई का अभाव

पशु पालकों द्वारा गौवंश को सड़क पर छोड़ दिया जाता है। जिससे सड़क दुर्घटना में गौवंश और वाहन चालक दोनों की जान पर बनी रहती है। ऐसे पशु पालकों के खिलाफ नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। इसके बावजूद कड़ी कार्रवाई नहीं होने के चलते पशु पालक अपने मवेशियों को सड़क पर छोड़ रहे हैं।

## माय एंगल




## शराब बिक्री, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी से 35 पौवा शराब एवं बिक्री की रकम जब्त कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबीर की सूचना पर थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में 9 मई को पृथक से टीम गठित कर आरोपी दिनेश मरकाम को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर उसके कब्जे से कुल 35 पौवा देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी दिनेश मरकाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD,
DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM
कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM)
जिला - बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रिया आठवीं में प्रथम

**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला विजयतला की छात्रा प्रिया साहू आत्मज डोमार साहू ने कक्षा आठवीं में 91.50 अंक अर्जित कर प्रथम प्राप्त किया।



उर्वशी ने 90.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर पीयूष कोसरे रहे। परीक्षा प्रभारी लोचनलाल साहू ने बताया कि परीक्षा में शामिल 34 में से 18 बच्चे ए ग्रेड, 16 बी ग्रेड से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा पांचवीं में सभी 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए। शाला में जान्हवी प्रथम , याचना द्वितीय स्थान पर रही। सभी उत्तीर्ण बच्चों को पुरषोत्तम कंवर, रामनरेश साहू, लतमार साहू, फूलसिंह मंडावी, पुहुपराम धुर्वे, प्रवीण गायकवाड़, लोचन साहू, रूपेश वर्मा, सुभाष साहू, लखन साहू ने बधाई दी है।

### शत-प्रतिशत रहे परीक्षा परिणाम

**तुमडीबोड़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण से



प्रथम भानैश साहू, प्रियांश साहू, द्वितीय शौर्य वर्मा, कक्षा उदय में प्रथम सांची साहू, द्वितीय महान वर्मा, कक्षा प्रथम में प्रथम हर्षिका साहू, अंशु पटेल, द्वितीय प्रियांशी पटेल, सोनम कुर्र, कक्षा द्वितीय में प्रथम भव्या धुर्वे, द्वितीय प्रतीक साहू, कक्षा तृतीय में प्रथम आराध्या निर्मलकर, द्वितीय टुमेश बंजारे, कक्षा चतुर्थ में प्रथम ओंकार साहू, द्वितीय दर्शदीप पटेल, कक्षा पंचम में प्रथम कृतिका वर्मा, द्वितीय स्मृति कंवर रही। पूर्व माध्यमिक की कक्षा षष्ठ में प्रथम भावना बंजारे, द्वितीय उर्वशी वर्मा, सप्तम में प्रथम लेखिका पटेल, द्वितीय इशा कुर्रे, कक्षा अष्टम में प्रथम रश्मि ठाकुर, द्वितीय वंश वर्मा रहे। प्रबंध समिति एवं स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी है।

### आठवीं में करण और पांचवी में खुशी अव्वल

**उरईडबरी।** स्थानीय नवीन सरस्वती ज्ञान मंदिर में कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं में खुशी 96.50 प्रतिशत, कुसुमलता 95, भाग्यश्री 95, काम्या चेलक 94.50, यशिका रजक 92.50, सुमन साहू 91, केजल साहू 90, विवेक वर्मा 89, तुलसी साहू 88.50, पूरबदास साहू 88, मनीष वर्मा 86.50 प्रतिशत अंक के साथ सफल हुए। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में करण साहू 93 प्रतिशत, लीकेश रजक 90, भूपेश 84.83, डोमेंद्र साहू 83.17, चैतन्य वर्मा 81.83, मोनिका 81.83, भवी 81.83, नम्रता 80.83, खुशबू 80.67, संजू साहू 79.50, संजना 79.17, कीर्ति ने 78.50 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यालय संचालक एसपी सिन्हा, निर्देशक टीआर पटेल, प्रधानाचार्य सोहनदास साहू, भरत यादव, शेखर कंवर, दुर्गेश्वरी वर्मा, कमलेश टेम्बुकर, हरीश वर्मा, मिथलेश साहू, हिना साहू, रेणुका साहू, रेशमा वर्मा, जीतेश्वरी, काजल साहू ने बधाई दी है।

### भोलापुर स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

**छुरिया।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोलापुर में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा। प्राचार्य कमलेश्वर



देवांगन ने बताया कि इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में 67 में से 65 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 19, द्वितीय 43, तृतीय श्रेणी में 3 रहे। परिणाम 97 प्रतिशत रहा। शाला की ओमेश्वरी 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, जगेंद्र साहू ने 86 प्रतिशत लेकर द्वितीय और पूनमचंद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बारहवीं कला संकाय में तन्नू सेन प्रथम, निखिल द्वितीय और कुंदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में गुलेश्वरी प्रथम, मधु द्वितीय और खिलेश्वरी तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में युवराज प्रथम, पुष्पा राजपूत द्वितीय और रमेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में शामिल 87 में से 80 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 93 प्रतिशत रहा।समस्त छात्र छात्राओं को शीशपाल साहू, रमेश मंडलोई, योगिता मंडलोई, रामेश्वर नेताम, गौतम साहू, लक्ष्मी नारायण सिंह, कन्हैया टेमरे, उर्वशी साहू, वर्षा बोरकर, नेहा त्रिपाठी, नेहरूलाल बंजारे, देविका देवांगन, तारिणी नायक, ओंकार सिंह सलामे आदि ने बधाई दी है।

### जस झांकी का कार्यक्रम 21 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 21 मई को पंचायत एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दाईं के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से मानस मंच प्रांगण में रखा गया है। सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी ने उपस्थिति की अपील की है।

### तीन वार्ड में पेयजल संकट

**खड़गांव।** ग्राम के तीन वार्ड के ग्रामीण इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पंच निर्भय साहू, सुभिया निषाद और सरिता जुरेसिया ने बताया कि शांति नगर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। लगातार शिकायत करने के बाद भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए पहल नहीं की जा रही है। पंच निर्भय साहू ने आरोप लगाया कि शांति नगर के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए शिकायत की अनदेखी किया जा रहा है। सरपंच रमिला ध्रुवे ने बताया कि सभी वार्डों में पेयजल को लेकर बराबर काम किया जा रहा है। शांति नगर वार्ड से कोई शिकायत नहीं आई है और अगर कोई समस्या है तो स्वयं पंच उस काम को कराए जिसमें उन्हे पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### सीसी रोड का भूमिपूजन

**पटेवा।** ग्राम रीवागहन के शीतला पारा में सीसी रोड का भूमिपूजन



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए किसान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि खाद की किल्लत अभी से होने लगी है। सोसायटी से किसानों को कम मात्रा में खाद दिया जा रहा है। उन्होंने सर्व समाज सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर पुसऊराम वर्मा, सरपंच अक्षय पटेल एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रशासन की मौन सहमति से रेत का खनन

# जंगली नालों का अस्तित्व खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के फत्तेगंज सर्किल अंतर्गत आने वाला कोहलाकसा जंगल अधिकारियों की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। वर्षों से चल रहे संगठित अवैध रेत उत्खनन ने यहाँ के प्राकृतिक नालों का अस्तित्व मिटा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की आंखों के सामने नालों के सीने को छलनी किया गया, जिससे यह नाले पूरी तरह रेत विहीन होने के कगार पर आ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों खर्च किया जा रहा है, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि ऊंचे पदों पर बैठे अफसरों के संरक्षण में जंगल की संपदा को खुलेआम लूटा जा रहा है। इस काले कारोबार ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं। निस्तारी के लिए जंगल पर निर्भर ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि जंगल की रेत को माफियाओं ने बाहर बेच दिया, जबकि गाँव के विकास कार्यों के लिए रेत उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि रेत की तस्करी से माफियाओं और अधिकारियों की जेब तो भर गईं, लेकिन गाँव के बुनियादी ढांचे के लिए एक ईंट तक नहीं लग सका।



#### खोखला हुआ कोहलाकसा नाला

कोहलाकसा के सूखे और खोखले हो चुका नाला इस बात का प्रमाण हैं कि किस तरह स्थानीय हक पर डकैती डाला गया है। विडंबना यह है कि जब कोहलकसा के जंगल को लूटा जा रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित कमरों में बैठकर जंगल बचाओ की कागजी रणनीतियां बनाने में मशगुल थे। कुर्सियों पर बैठकर बनाई गई यह योजनाएं कितनी खोखली हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस अवैध उत्खनन की जानकारी गाँव के बच्चे-बच्चे को थी, उसकी भनक वर्दीधारी अफसरों को नहीं लगी।

#### मैं चार्ज में नहीं था

जब डिप्टी रेंजर से इस संबंध में जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा कि मै छह महीने चार्ज में नहीं था। ट्रेनिंग में आए अफसरों के पास चार्ज था। डिप्टी रेंजर का ट्रेनिंग का बहाना महज एक पैंतरा नजर आता है, क्योंकि ग्रामीणों के अनुसार यह खेल वर्षों से चल रहा है। यह स्पष्ट है कि बिना अफसरों की संलिप्तता के जंगल की वन संपदा का दोहन मुमकिन नहीं है।

#### जांच और कार्रवाई की मांग

कोहलाकसा नाला अंतिम सांसे ले रहा हैं। समय रहते अवैध उत्खनन के सिंडिकेट को नहीं तोड़ा गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस प्राकृतिक तबाही के लिए वर्तमान प्रशासन को माफ नहीं करेंगी। ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

#### प्रशासनिक अमला असफल

भारतीय वन अधिनियम 1927 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत वनों की सुरक्षा करना अधिकारियों का प्राथमिक कर्तव्य है। नियमों के मुताबिक वन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार का उत्खनन गैर-कानूनी है और इसके लिए सख्त कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। यदि स्थानीय अमला जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है, तो यह सीधे तौर पर कर्तव्य की अवहेलना की श्रेणी में आता है।

### सूर्यघर बिजली योजना से प्रवीण का घर रोशन

**राजनांदगांव।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर नवागांव वार्ड क्र. 1 निवासी प्रवीण कुमार मिश्रा इस योजना का लाभ लेकर न केवल अपने घर का बिजली खर्च शून्य करने में सफल हुए हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

श्री मिश्रा ने बताया कि उनके परिवार में तीन सदस्य हैं। पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग 900 से 1000 रुपए तक आता था, जो गर्मी के मौसम में और अधिक हो जाता था। उन्होंने 17 जनवरी 2026 को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इसके बाद से पिछले तीन महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। जबकि शेष 81 हजार रुपए उन्होंने स्वयं निवेश किए। इसके लिए उन्होंने बैंक से ऋण लिया है, जिसे वे आगामी 3 वर्षों में चुका देंगे।

श्री मिश्रा के अनुसार उनका सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 18 से 19 यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है। जबकि उनके घर की खपत करीब 10 यूनिट है। इस प्रकार प्रतिदिन 8 से 9 यूनिट अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जा रही है।

## नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र, मंत्री से की शिकायत



**डोंगरगढ़।** भीम मानव कल्याण संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर के नेतृत्व में शहर के युवाओं ने छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री खुशवंत साहब से मुलाकात कर जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही कठिनाईयो से अवगत कराया।

उन्हें बताया कि शासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिससे युवा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटक रहे हैं। मंत्री से भेंट कर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2013 के तहत ग्राम सभा एवं निकायों के प्रस्ताव को आधार बनाकर प्रमाण पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है किन्तु अधिकारी मनमानी करते हुए लोगों को परेशान कर रहे है और एससी, एसटी से 1950 के पूर्व एवं ओबीसी से 1984 के पूर्व के दस्तावेजों की मांग कर रहे है जो नियम की अवेलहना है।

#### पैदा हुए फिर भी दस्तावेज मांग रहे

शहर के देवेंद्र वाल्दे, जयदीप मेश्राम, गणेश गजभिये, विशाल जाम्बुलकर ने बताया की उनका जन्म छत्तीसगढ़ में ही हुआ है। उनके माता - पिता भी यही रहते थे। वह पढ़े-लिखे नहीं थे इसलिए उनके पास 1950 के पूर्व के दस्तावेज उपलब्ध नहीं है परंतु, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पूर्व के दस्तावेज उनके पास उपलब्ध है, इसके बाद अधिकारी जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। इस अवसर पर विनायक मेश्राम, दिनेश साखरे, अमित सहारे, रवि ऊके, शंकर सोनटक्के, देवेंद्र वाल्दे, जयदीप मेश्राम, विशाल जाम्बुलकर, बादल वाल्दे, हेमंत अम्बादे सहित अन्य उपस्थित थे।

### गली में कीचड़ से परेशानी

**मुरमुंदा।** ग्राम मुरमुंदा के वार्ड नंबर 3 में पानी निकासी का अपेक्षित प्रबंध नहीं होने से कीचड़ हो गई। वार्डवासियों ने बताया कि गली में कीचड़ होने की शिकायत पंच सरपंच से कोई कई बार कर चुके हैं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नाली भी कीचड़ से भर गई है। नाली की सफाई नहीं होने से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।



## विहिप अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

यह मुलाकात पंडरिया में महर्षि नारद मुनि जयंती कार्यक्रम के दौरान हुई। इस मौके पर देश, धर्म, समाज और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार किया गया। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका, युवाओं की भागीदारी, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषय शामिल थे। श्री वर्मा ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा केवल नारों से नहीं,



बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, संस्कार और अपने गौरवशाली इतिहास को समझे तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन राजनादगांव के अध्यक्ष दिनेश निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रभारी के बयान पर भड़के भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा की रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भाजपा प्रभारी के दिए गए बयान ने तूल पकड़ लिया है।

बैठक में कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रभारी ने नगर पालिका अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस देने की बात कही, जिस पर वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पालिका अध्यक्ष और पार्षद भाजपा की शान हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को अच्छी तरह समझें। कार्यकर्ताओं ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का पालन करते हुए उनकी बातें सुनीं।

#### गुटबाजी के लिए बाहरी जिम्मेदार

वरिष्ठ नेताओं ने गुटबाजी पर कहा कि वह कार्यकर्ताओं की देन नहीं है। चुनाव के समय बाहर से आने वाले दावेदारों के कारण गुटबाजी होती है। जब किसी एक को टिकट मिलती है तो बाकी विरोध में सक्रिय हो जाते हैं।

#### पद का रौब न दिखाएं प्रभारी

प्रभारी द्वारा केंद्र तक पहुंच होने की बात पर कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का सम्मान करते हैं क्योंकि वह सरकार की धुरी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह पार्टी के जिम्मेदार सिपाही हैं, किसी की चापलूसी नहीं करते। नेताओं ने अंत में कहा कि भविष्य में भी प्रभारी का स्वागत है, लेकिन वह अपनी मर्यादा और कार्यकर्ताओं की इज्जत का विशेष ध्यान रखे।

#### प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं भाजपा

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में वरिष्ठ नेताओं ने सीधे शब्दों में कहा कि भाजपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है। उन्होंने प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्होंने जनहित में कितने कार्य किए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं के आशिर्वाद और चाटुकारिता के सहारे आगे बढ़ने वाले लोग कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव के कई नेता डोंगरगढ़ को जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी अमर्यादित व्यवहार नहीं किया।

## जनसेवा ही भाजपा का ध्येयः गांधी

### मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल भाजपा की मासिक बैठक गत दिनों आयोजित की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आव्हान पर प्रत्येक मंडल पर प्रति माह बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक मे आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक की शुरूवात जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने पूजा अर्चना कर की। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि यह बैठक संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती एवं कार्यकर्ताओं को दिशा प्रदान करेगी। संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन निरंतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएगा।उन्होंने कहा कि भाजपा वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पार्टी के कार्यक्रमों से जन जन को जोड़ने की अपील की।



#### लोगों को जोड़ने का आव्हान

अंत में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में जिला पंचायत सभापति जागृति यद्धु, गुलशन हिरवानी, सतीश पाण्डेय, अरुण जैन, योगेश पटेल, लोकेश यद्धु, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हीना मंगल जैन, ममता उइके, माहेश्वरी गंजीर, चुन्नी यद्धु, खेमदास साहू, भीषम साहू, यद्धु नायक, अजय सेन, प्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव, गौरव यद्धु, नवनीत अहीर, विनय जैन, विनय गंजीर आदि उपस्थित थे।

## आंधी-तूफान ने मचाया तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

खडगांव क्षेत्र में बेमौसम बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज आंधी तुफान से घरों की हालत बिगड़ गई है। बीते चार पांच दिनों से शाम को जबरदस्त आंधी तूफान और बारिश हो रही है जिसके चलते घरों के टीन शेड उड़ रहे है। कुछ घरों के खपरैल टूट कर बिखर गए हैं। पुरे क्षेत्र में परेशानी भरा माहौल है। तिरंगा चौक के समीप एक घर में लगा सीमेंट शेड टूट कर सड़क पर बिखर गया। जिनके घरों में नुकसान हुआ है उनकी जानकारी पंचायत द्वारा ली जा रही है। वर्तमान में लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छत के उड़ने के बाद लोगों के सामने आवास की समस्या खड़ी हो गई है।



## नहीं थम रही ट्रेनों की लेट लतीफी, यात्रियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री निज़ार जीवा ने ट्रेनों की लेटलतीफी पर नाराजगी व्यक्त किया है। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि जब दो लाइन थी तब सारी ट्रेन समय पर आती थी किन्तु 2014 के बाद रेल लाइन दो से तीन हो गई और अब चौथी भी होने वाली है किन्तु सुबह की ट्रेन शाम को आ रही है। जब तब लोकल ट्रेन को रद्द कर दिया जाता है। सुपर फ़ास्ट, एक्सप्रेस, पैसेंजर गड़ियो को रोक कर मालगाड़ी को निकाला जाता है। गोंदिया से चल कर डोंगरगढ़ आने वाली पैसेंजर ट्रेन एक के बजाए 3 से 4 घंटे में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेन का परिचालन ऐसे ही होते रहा तो जन आंदोलन हो सकता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### अग्नि दुर्घटना : सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप, लाखों का सामान जलकर राख

# कवर्धा बस स्टैंड के न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में देररात दिखा भीषण आग, भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र स्थित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा रेस्टोरेंट धू-धू कर जलने लगा। घटना के दौरान होटल में रखा गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। आग की ऊंची लपटें और आसमान में छाया काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग लगने के कुछ ही देर बाद रेस्टोरेंट के भीतर रखा गैस सिलेंडर विस्फोट के साथ फट गया।

धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोग घबराकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। होटल के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर राख हो गई।





### लोगों ने किया भरपूर सहयोग

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने अपने स्तर पर पानी और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार फैलती चली गई। स्थानीय नागरिकों की सतर्कता के चलते आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोकने में मदद मिली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### संचालक को लाखों के नुकसान की आशंका

आगजनी की इस घटना में रेस्टोरेंट संचालक को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। होटल के फर्नीचर, किचन सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### जांच के बाद होगा आग लगने का खुलासा

इस अग्नि दुर्घटना को लेकर प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना के बाद देर रात तक बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ बनी रही। लोगों व रेस्टोरेंट संचालक द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास किए जाते रहे।

### सूचना के बाद भी विलम्ब से पहुंची फायर ब्रिगेड

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दे दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचा। तब तक रेस्टोरेंट पूरी तरह जल चुका था और अधिकांश सामान राख में तब्दील हो गया। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो नुकसान काफी कम हो सकता था।

# शराबी दोस्त ने शराब के नशे में कर दी अपने दोस्त की हत्या

- आरोपी के घर में चल रही थी शराब की पार्टी, घटना के बाद किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ रही हत्या, बलात्कार, चोरीचकारी, मारपीट जैसी आपराधिक घटनाओं के बीच रविवार जिला मुख्यालय कवर्धा के ठाकुर पारा से एक बार फिर दिलदहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जिसमें एक दोस्त ने अपने ही दोस्त को घर बुलाकर मामूली वाद विवाद के बीच सिर पर प्राणघातक वार कर मौत के घाट उतार दिया।



मजेदार बात यह है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने स्वयं कवर्धा कोतवाली पहुंचकर अपने आपको पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने और मौका मुआयना कर घटना स्थल से मृतक का शव बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अमन ठाकुर निवासी ठाकुर पारा कवर्धा तथा दुखित यादव पिता भैयालाल यादव निवासी पैठुपारा पक्के दोस्त थे और हमेशा साथ में रहा करते थे। बताया जाता है कि दोनो आदतन शराबी थे। रविवार को अमन ने अपने दोस्त दुखित को अपने घर बुलाया था और दोनो अमन के घर में ही चटकारेदार नास्ता और सोडा के साथ अंग्रेजी शराब का लुफ्त उठा रहे थे।

बताया जाता है कि इसी बीच दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ा की शराब के नशे में धुत्त अमन ने अपना आपा खोते हुए दुखित के सिर में किसी वजनदार वस्तु से प्राणघातक वार कर दिया जिससे दुखित की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद अमन अपने घर से बाहर निकल गया और जोर-से चिल्लाने लगा की उसने मर्डर कर दिया।

जिसे सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और जब उन्होने अमन के घर में देखा तो उसका दोस्त दुखित मृत अवस्था में जमीन परा पड़ा था। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी।

लेकिन इससे पहले की पुलिस मौके पर पहुंचती अमन स्वयं कोतवाली पहुंच गया और अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में पुलिस ने मौका मुआयाना कर मृतक का शव बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी आदतन अपराधी व शराबी, पहले भी जा चुका है जेल

बताया जाता है कि ठाकुर पारा कवर्धा निवासी अमन आदतन शराबी तथा आपराधिक प्रवृति का है जो पहले भी जेल जा चुका है। परिजन भी उसकी इस तरह की आदतों व हरकतों से काफी परेशान थे। लेकिन रविवार को जिस ढंग से अमन ने दिनदहाड़े जिस ढंग से हत्या की वारदात को अंजाम दिया उसने ठाकुर पारा सहित पूरे नगर में सनसनी फैला दी।

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव को हटाए जाने की मांग

**कवर्धा**। ग्राम पंचायत किशुनगढ़ में पदस्थ सचिव के खिलाफ सरपंच, उपसरपंच, पंचों और ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। उनका आरोप है कि सचिव के कार्य व्यवहार और पूर्व रिकॉर्ड को देखते हुए पंचायत में अविश्वास और असंतोष का माहौल है। यदि तीन दिनों के भीतर सचिव को नहीं हटाया गया, तो पंचायत के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि सामूहिक इस्तीफा देंगे। यही नहीं, जिला पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। जानकारी के मुताबिक सचिव रामाधार की नियुक्ति 20 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत किशुनगढ़ में हुई थी। इसके बाद से ही पंचायत में विवाद की स्थिति बनी हुई है। आरोप है कि सचिव का नाम पहले भी अन्य पंचायतों में अनियमितताओं और घोटालों से जुड़ चुका है, जिससे ग्रामीण और जनप्रतिनिधि आशंकित है कि, कहीं यहां भी विकास कार्य प्रभावित न हों। सरपंच रोहित कुमार टंडन ने बताया कि सचिव को हटाने के लिए विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल और जनपद पंडरिया को कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे पंचायत पदाधिकारियों में नाराजगी व्याप्त है और अब उन्होने प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया है।

### डीपीएड के परीक्षा परिणाम किए गए घोषित

**कवर्धा**। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित डीपीएड वर्ष-2026 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में प्रथम वर्ष के 51 तथा द्वितीय वर्ष के 52 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। सभी परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर अपना रोल नंबर प्रविष्ट कर परिणाम देख सकते हैं।

# शिक्षा विभाग का नया नियम अव्यवहारिक: एसोसिएशन

## 4560 प्राचार्य एवं 46883 व्याख्याता को किया किनारे



- एसोसिएशन पदाधिकारियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 13 फरवरी 2026 को जारी नए राजपत्र में शिक्षक संवर्ग के आगे बढ़ने का अवसर कम होने के कारण से विरोध प्रारम्भ हो गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने इस विषय पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व के राजपत्र के अनुसार से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए वरिष्ट व्याख्याता एवं मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक को वेतनमान एवं रैंक में समानता व अनुभवी होने के कारण से प्रतिनियुक्ति पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया जाता था, लेकिन वर्तमान नए राजपत्र में प्रदेश के 46883 व्याख्याता संवर्ग को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

इसी प्रकार पांच मार्च 2019 के पुराने राजपत्र के अनुसार प्राचार्य संवर्ग को समकक्ष वेतनमान, रैंक व अनुभव को ध्यान में रखते हुए सहायक संचालक प्रशासन एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी के 75 प्रतिशत पदों पर प्रतिनियुक्ति प्रदान किया जाता था, परंतु वर्तमान में जारी राजपत्र 13 फरवरी 2026 के अनुसार प्रदेश के 4560 प्राचार्य संवर्ग के लिए सिर्फ 25 प्रतिशत पदों पर प्रतिनियुक्ति का प्रावधान किया गया है जो की बहुसंख्यक प्राचार्य संवर्ग के साथ नाइंसाफी तथा आगे बढ़ने से रोकने के लिए किया गया षड़यंत्र है।

वर्तमान में विभाग द्वारा जारी नवीन राजपत्र में पुनः अज्ञात मेहरबानी जताते हुए मात्र 268 की संख्या में सेटअप में नियुक्त हुए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति के लिए 75 प्रतिशत का कोटा निर्धारित कर दिया गया है। इस नए नियम से शिक्षा विभाग में वर्षों से कार्यरत अनुभवी, वरिष्ठ व प्रशासनिक रूप से दक्ष व्याख्याता तथा प्राचार्य संवर्ग के प्रशासनिक पदों पर प्रतिनियुक्ति व पदोन्नति के अवसर को बाधित कर दिया गया है। अब शिक्षा विभाग में नियुक्त होने वाला व्याख्याता सिर्फ एक ही बार प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्राप्त कर सकेगा।

इसी प्रकार सेटअप में बहुसंख्यक प्राचार्य संवर्ग के लिए भी प्रतिनियुक्ति तथा पदोन्नति में आगे बढ़ाने के अवसर बन्द या अत्यंत सीमित कर दिए गए हैं, जबकि मात्र सैकड़ो की संख्या में नियुक्त सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी से विकासखंड शिक्षा अधिकारी या सहायक संचालक प्रशासन तथा फिर आगे उपसंचालक या जिला शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है जो की शिक्षा विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता, प्राचार्य संवर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात है, इससे बहुसंख्यक शिक्षक संवर्ग का मनोबल गिर रहा है। एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग के अनुभवी व्याख्याता, प्रधान पाठक माध्यमिक स्कूल को पूर्व के राजपत्र के अनुसार सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्य को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पूर्व रेशियो के अनुसार प्रतिनियुक्ति देने का प्रावधान करने की मांग किया है।

### एलबी संवर्ग का प्राचार्य बनने का रास्ता भी बंद?

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि संविलियन से शिक्षा विभाग में आए शिक्षक एल.बी संवर्ग के व्याख्याता व मिडिल स्कूल के प्रधान पाठकों का नए राजपत्र के अनुसार आगामी छः-सात वर्षों तक प्राचार्य पद में पदोन्नति का रास्ता बंद हो गया है, क्योंकि 2019 के पुराने राजपत्र में एल. बी. कैडर के लिए प्राचार्य पद में पदोन्नति हेतु निर्धारित कोटे को 2026 के नए राजपत्र में समाप्त कर दिया गया है। नए नियम के अनुसार शिक्षा विभाग में जून 2018 तक के व्याख्याता तथा सन 2021 तक के प्रधान पाठकों को प्राचार्य में पदोन्नति मिलने के बाद ही संविलियन से आए व्याख्याता व प्रधान पाठक मिडिल को पदोन्नति का अवसर मिल पाएगा। इसमें छः-सात वर्ष का समय लग सकता है।

# चलती बस में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, इलाहाबाद से बिलासपुर आ रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इलाहाबाद से बिलासपुर जा रही एक यात्री बस में सफर के दौरान एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से यात्रियों और बस स्टाफ में हड़कंप मच गया। युवक यात्रा के दौरान अपनी सीट पर बैठा हुआ था, लेकिन काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर सहयात्रियों को संदेह हुआ। जांच करने पर युवक अचेत अवस्था में मिला, जिसके बाद चालक और परिचालक तत्काल बस को पंडरिया थाना लेकर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार युवक ने इलाहाबाद से बिलासपुर तक का टिकट लिया हुआ था और वह सामान्य यात्री की तरह बस में सफर कर रहा था। यात्रा के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। बस कर्मियों ने स्थिति गंभीर होते देख तुरंत पुलिस को सूचना दी और बस को पंडरिया थाना पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पंडरिया पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया भेजा गया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस में मौजूद यात्रियों के बीच दहशत और चिंता का माहौल बन गया।



### अब तक नहीं हो पाई है मृतक युवक की पहचान

घटना की सूचना मिलते ही पंडरिया पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया भेजा गया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस में मौजूद यात्रियों के बीच दहशत और चिंता का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। युवक के पास से कोई स्पष्ट पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर युवक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### पीएम के बाद स्पष्ट होगी मौत की वजह

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। वहीं बस में सफर कर रहे यात्रियों और बस स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है।

### सीएम ने जलेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए कबीरधाम जिले के डोंगरिया पहुंचे। यहां उन्होंने जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, श्रीमती नंदनी साहू, उपाध्यक्ष सानू तिवारी, अंबिका चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्राकर, आईजी बालाजी राव, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### प्रदेशवासियों की सुख शांति व समृद्धि की कामना ...



**कवर्धा**। कबीरधाम जिले के डोंगरिया पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डोंगरिया में की पूजा अर्चना व जलाभिषेक।

### विद्यार्थियों ने चखा व्यंजनों का स्वाद, सीखी उद्यमशीलता की बारीकियां

# बोड़ला महाविद्यालय में फूड फेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत संचालित स्किल इन्हेंसमेंट कोर्स अंतर्गत एक दिवसीय फूड फेस्ट का आयोजन किया गया।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाकर अपनी पाक कला और उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कुल सात फूड स्टॉल लगाए गए, जिनमें भारतीय पारंपरिक स्नैक्स, फास्ट फूड, चाइनीज एवं स्थानीय व्यंजनों की विविधता देखने को मिली।

विद्यार्थियों ने स्टॉलों को आकर्षक ढंग से सजाया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावसायिक कौशल से जोड़ना था। स्किल इन्हेंसमेंट कोर्स अंतर्गत 'अकाउंटिंग फॉर एवरी वन' विषय को प्रायोगिक रूप में प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने स्वयं स्टॉल संचालन, मूल्य निर्धारण, विपणन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। इससे उन्हें टीम वर्क, सहयोग और वित्तीय प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।



महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश पाठक ने फूड फेस्ट का उद्घाटन करते हुए विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य में सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा देते हैं।

### महाविद्यालय में प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्णय

वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक योगेश ध्रुव, जयंक खुराना एवं सुश्री कोमल मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। आयोजन की सफलता को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने फूड फेस्ट को प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन, राकेश गौतम, अन्नपूर्णा शर्मा, बलदाऊ यादव, वसुमित्र शुक्ला, प्रिया राठौर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम नेउर बाजार मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत, दो युवकों की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउर में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गिजरा नाला के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार नेउर निवासी सेवाराम तेंदूपत्ता बेचने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से बाजार जा रहा था। वहीं बासाटोला निवासी मनसराम भी नेउर बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान गिजरा नाला के पास दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक बाइक का वाइजर और चक्का अलग होकर दूर जा गिरा।

हादसे में शामिल दोनों मोटरसाइकिलें हीरो कंपनी की बताई जा रही हैं, जिनके नंबर सीजी 10 ईडी 2228 एवं सीजी 09 जेडी 4473 हैं। दुर्घटना में सेवाराम की बाईं आंख में गंभीर चोट आई है तथा उसका हाथ भी टूट गया है। वहीं मनसराम के आंख के ऊपर गंभीर चोट लगी है।

हादसे के बाद दोनों युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल कुकदूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

## सार समाचार

### आचार्य आशीष को महर्षि पराशर सम्मान



**राजनांदगांव।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, कालिदास संस्कृत अकादमी, आचार्य वराहमिहिर न्यास डोंगला प्रकल्प, पूर्णश्री फाउंडेशन, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद उज्जैन एवं साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष-तंत्र एवं वास्तु महाधिवेशन में राजनांदगांव शहर के आचार्य आशीष शर्मा को महर्षि पाराशर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राच्यविद्या, ज्योतिष के प्रति उनके योगदान और समर्पण एवं आपने ज्योतिष-तंत्र-वास्तु जैसी विद्याओं के माध्यम से मानव कल्याण के साथ समाज का मार्गदर्शन करते उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें यह सम्मन प्रदान किया गया।

### पूर्णिमा ने 10वीं बोर्ड में जिले में पाया पांचवा स्थान



**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर 1 की मेधावी छात्रा पूर्णिमा देवांगन ने वर्ष 2026 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में 5वां स्थान एवं निगम क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित कर दिया है। पूर्णिमा देवांगन टेंट हाउस का व्यवसाय करने वाले रमेश देवांगन की सुपुत्री है। पूर्णिमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनो को दिया।

### आदिवासी समाज की मेधावी छात्रा का सम्मान



**राजनांदगांव।** कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 93.16 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तरीण करने वाली आदिवासी समाज की बेटी की उपलब्धि पर समाज के द्वारा उसका सम्मान किया गया। शासकीय उच्चतर विद्यालय गैंदाटोला में अध्ययनरत मेधावी छात्रा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। गेंदाटोला की प्रतिभाशाली छात्रा गीतांजली चंद्रवंशी ने कक्षा 10वीं में 93.17 प्रतिशत अंक (गणित में 99 अंक) प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने छात्रा के निवास स्थान पहुंचकर मुलाकात की और उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### महाराणा प्रताप जयंती मनी



**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव द्वारा महाराणा प्रताप जयंती चिखली दीनदयाल नगर सामाजिक भवन में मनाई गई। महाराणा प्रताप के तैलचित्रों में पूजा-अर्चना कर महाराणा प्रताप की जीवनी उनके देशप्रेम व इतिहासों को याद किया गया। जिसमें सामाजिकगण व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मस्ती की पाठशाला में छलका मदर्ड-डे का उत्साह

# अलसुबह जुम्बा और खेलों का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मस्ती की पाठशाला में अलसुबह से ही उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां बच्चे व युवा बड़ी संख्या में पहुंचकर विभिन्न पारंपरिक खेलो के साथ-साथ जुम्बा डांस का मजा लिया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने महिलाओं को मदर-डे की बधाई देते कहा कि घर ही पहली पाठशाला होती है, जहां मां अपने बच्चों को कायदे कानून एवं संस्कार की शिक्षा देती है।

उन्होंने महिलाओं से अपील करते कहा कि घर में ही कचरा पृथक कर गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डिब्बा में रख स्वच्छता दीदीयो को दें, नगर निगम द्वारा घर-घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन का उपयोग करें एवं अपने घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखे।

महापौर श्री यादव ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में उत्साह से बच्चे एवं युवा सुबह से ही पहुंचे हैं और आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोज मां अपने बच्चों को सुबह उठाती है, लेकिन आज का माहौल देख के ऐसा लग रहा है कि बच्चे सुबह से ही अपने माता-पिता को उठाकर पाठशाला में लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और भी लोग पाठशाला से जुड़ रहे हैं। जिससे आगामी सप्ताह में और अच्छा पाठशाला आयोजित होगी।



### योगा के साथ शुभारंभ

पाठशाला का शुभारंभ योगा से हुआ। जिसमें पतंजली भारत स्वाभिमान न्यास राजनांदगांव के योगा के बच्चों ने योग का प्रदर्शन कर योग के लिए प्रेरित किया। चौपाटी के अंदर एवं बाहर विभिन्न खेल संचालित किया गया। जिसमें बच्चों एवं युवाओं ने तीरंदाजी, बैडमिंटन, कराटे व सांप-सीढ़ी, पिट्ठुल खेल खेले। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने छोटे-छोटे खेलों में हिस्सा लेकर झूला, फिसलपट्टी आदि का आनंद लिया। साथ ही बड़ी संख्या में बच्चों ने चित्रकारी में भाग लेकर कला का प्रदर्शन किया।

### जुम्मा डांस में थिरके लोग

इसके अलावा सभी लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पाठशाला में पूरे समय चौपाटी के सामने बॉडी टेक जीम व रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के बच्चों के साथ संगीतमय जुम्बा डॉस किया। पाठशाला में बाइक कंपनी इंडियन टीवीएस द्वारा विभिन्न खेलों में विजयी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। महापौर श्री यादव एवं पार्षद मनोहर यादव ने भी गीत की प्रस्तुति दी।

### आयोजन से जुड़ी संस्थाए

पाठशाला को सफल बनाने में पतंजली योग समिति, बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, इंडियन टीवीएस कंपनी, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघों की विशेष भूमिका रही। पाठशाला में निगम के अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्था में लगे रहे तथा पार्षदों सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिया।

## स्कूल मैदानों पर मेला इत्यादि हो बंद : शास्त्री

**राजनांदगांव।** शहर में करोड़ों रुपए खर्च कर विकसित किए गए मोहरा मेला ग्राउंड के बावजूद मेला-मड़ई एवं अन्य बड़े आयोजनों का आयोजन आज भी शहर के मध्य स्थित म्युनिस्पल, स्टेट स्कूल, प्यारेलाल स्कूल सहित अन्य शैक्षणिक मैदानों में किया जा रहा है।

यह स्थिति न केवल खिलाड़ियों और स्कूली बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था पर भी अनावश्यक दबाव उत्पन्न कर रही है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते कहा कि स्कूल मैदान बच्चों के खेल, अभ्यास और शारीरिक विकास के लिए होते हैं, न कि भीड़, धूल और अव्यवस्था के लिए लगातार आयोजनों के कारण यह मैदान अपनी मूल पहचान और उपयोगिता खोते जा रहे हैं। जिससे विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर करोड़ों की लागत से बना मोहरा मेला ग्राउंड अपेक्षित उपयोग के अभाव में उपेक्षित पड़ा है। वहीं दूसरी ओर स्कूल मैदानों पर आयोजनों का अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।

# बुजुर्ग महिला ने जमीन हड़पने का लगाया आरोप

- पुलिस अधीक्षक से न्याय की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धर्मापुर निवासी 60 वर्षीया बुजुर्ग चंदा यादव ने अपनी पैतृक जमीन को बचाने के लिए एसपी को ज्ञापन देकर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। चंदा यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन खसरा नम्बर 223/10 को धोखाधड़ी और फर्जी तरीके से दस्तावेजों के जरिये हड़पने की कोशिश की गई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई है।

पीड़िता ने बताया कि 29 जुलाई वर्ष 2024 को घरेलू आवश्यकता के चलते उन्होंने 1 लाख 5 हजार रुपए कर्ज के रूप में शंकरपुर निवासी अविनाश से लिया था। आरोप है कि कर्ज देने के दौरान उनसे एक इकरारनामा पर हस्ताक्षर करवाया था, लेकिन दस्तावेज में क्या लिखा है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। कम पढ़ी-लिखी और वृद्ध होने के चलते वह दस्तावेज की भाषा और शर्तों को समझ नहीं सकी। चंदा यादव का कहना है कि उन्होंने ब्याज सहित कुल 1 लाख 60 हजार रुपए वापस भी कर दिए हैं। इसके बावजूद उनकी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इकरारनामा की प्रति उन्हें कभी उपलब्ध नहीं कराई गई। पीड़िता ने अपने समाज के अध्यक्ष, स्थानीय विधायक और महापौर से भी न्याय के लिए गुहार लगाई है।

## देश की महिलाओं से माफी मांगे मोदी : पिंटू



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ने कहा कि 18 अप्रैल को अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी ने संसद में तीन विधेयकों के पैकेज को पारित न करा पाने पर 'देश की माताओं और बहनों' से 'माफी' मांगी। हालांकि बीते कुछ सालों में ऐसे कई मौके सामने आए हैं, जहां प्रधानमंत्री मोदी का माफी मांगना ज्यादा उपयुक्त होता।

उन्होने कहा कि सबसे पहले यह स्पष्ट कर लेना जरूरी है कि पिछले सप्ताह संसद में विपक्षी दलों द्वारा जिस विधेयक को खारिज किया गया, वह महिला आरक्षण विधेयक 2026 नहीं था, बल्कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 था। इस विधेयक का उद्देश्य परिसीमन (डिलिमिटेशन) के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना था, लेकिन मोदी सरकार आवश्यक दो-तिहाई बहुमत जुटाने में विफल रही और विधेयक पारित नहीं हो सका। इसमें लोकसभा की सीटों को बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव भी था। जिससे दक्षिणी और पूर्वी राज्यों के हित प्रभावित होते। इसके बावजूद भाजपा सरकार यह दावा करते रही कि उसने महिला आरक्षण के लिए पूरा प्रयास किया।

# अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने खोला मोर्चा विस अध्यक्ष से प्राचार्य को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिग्विजय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्था और छात्र विरोधी कार्यशैली के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आंदोलन तेज कर दिया है।

परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्य को हटाने और शैक्षणिक माहौल सुधारने की मांग की है।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि महाविद्यालय में इन दिनों भय और दबाव का वातावरण निर्मित हो गया है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने गंभीर आरोप लगाते कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के बजाय उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर छात्र-छात्राओं के मोबाइल फोन जब्त किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है।



### एटीकेटी शुल्क और परिणामों में देरी से आक्रोश

जिला संयोजक धनंजय पांडे ने कहा कि एटीकेटी परीक्षाओं के नाम पर विद्यार्थियों से अत्याधिक शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं परीक्षा परिणामों में लगातार हो रही देरी के कारण छात्र अपना शैक्षणिक वर्ष बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंदना श्रीवास्तव ने चिंता व्यक्त करते कहा कि कॉलेज का शैक्षणिक स्तर गिर रहा है और छात्रहित पूरी तरह हाशिए पर हैं।

### सकारात्मक वातावरण की मांग

परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण कर कॉलेज में सकारात्मक और छात्रहितकारी माहौल सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक गढ़वाल, नगर सहमंत्री भूपेंद्र पाल, नगर एसएफएस प्रमुख चैतन्य त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तालुक विधिक सेवा समिति में आयोजित नेशनल लोक अदालत मे पक्षकारों को भौतिक के अलावा वर्चुअल कांफ्रेंसिंग माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान कर प्रकरणों का निपटारा किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय मोहनी कंवर के कोर्ट में 10 प्रकरणों को पक्षकारों की सहमति बाद निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें चार दावा प्रकरणों में अवार्ड राशि 36 लाख 45 हजार, दो आर्बिट्रेशन केसेस में 38 लाख 79 हजार 487 रूपए पास हुआ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा के कोर्ट मे ट्रैफिक चालान में 532 मामलों में 63 हजार 100 रूपए, कैसेस ऑफ यूएस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफिस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 110 प्रकरणों में 47 हजार 150 रूपए, एन आई एक्ट 138 चेक बाउंस के तीन मामले में 6 लाख 70 हजार रूपए की अवार्ड राशि पास हुआ जबकि दो 2 आपराधिक मामलों समझौता हुआ।



### 39256 का निपटारा, 3 करोड़ 46 लाख 56 हजार सौ अवार्ड पारित

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा खलको के कोर्ट मे ट्रैफिक चालान में 237 मामलों में 23 हजार 350 रूपए, कैसेस ऑफ यूएस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफिस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 7 प्रकरणों में 3 हजार रूपए अवार्ड राशि पास हुआ साथ ही आठ क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेस मे 15 हजार और अदर सिविल केसेस के आधा दर्जन मामलो में 1 लाख, एनआई एक्ट 138 चेक बाउंस के एक मामले में मामले में 6 लाख रुपये का अवार्ड पास हुआ। इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में 38 हजार 340 प्रकरण निराकरण हुआ जिसमे 2 करोड़ 55लाख 94 हजार 564 रुपये का अवॉर्ड हुआ। पक्षकारों के बीच राजीनामा करने तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान न्यायिक कर्मचारी देवेन्द्र चंदेल, दिनेश शर्मा, चंदन साहू, मनोहर देवांगन, आरके लांजेकर, उमेश राजपूत, मुरली देवांगन, धनंजय सेवेलकर, अमरनाथ जायसवाल, भुनेश्वर कौशिक, सिद्धार्थ तिवारी, राजेश खरे, पीएलवी गोलू दास साहू, कला प्रजापति, छविराज सहित सुलहकर्ता अधिवक्ता सुरेश ठाकुर, गिरिराज ठाकुर, संदीप दास, शक्ति सिंह गहलोत, नीरज झा, योगेश चंदेल, सुनील कांत पांडेय, मिहिर झा, चंद्रशेखर वर्मा, उमाकांत महोबिया, सर्वेश ओसवाल, मनोज चौबे, सुबोधकांत पांडे, मनराखन देवांगन, टीके चंदेल, सुप्रीत सिंह, गजेंद्र ठाकरे, सूर्य दमन सिंह, घम्मन साहू, कौशल कोसरे सहित अन्य मौजूद थे।

# अरशद बने जामा मस्जिद के दोबारा सदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुस्लिम जमात जामा मस्जिद वक्फ कमेटी के सदर चुनाव में निवर्तमान सदर अरशद हुसैन डब्बू ने पुनः बाजी मारते हुए शानदार जीत दर्ज की।

गौरतलब है कि वक्फ बोर्ड रायपुर के दिशा निर्देश व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में वक्फ कमेटी के सदर चुनाव में शनिवार को जमात के सदस्यों ने मतदान किया और कुल दर्ज 464 में से 396 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान बाद गणना मे निवर्तमान सदर अरशद हुसैन डब्बू को 239 मत मिला जबकि उनके प्रतिद्वंदी अय्यूब सोलंकी को 155 मत मिला। दो मत खारिज हुए और घोषित परिणाम में अरशद हुसैन डब्बू ने अय्यूब सोलंकी को 84 मतों के लंबे अंतर से पराजित कर लगातार दूसरी बार अगले तीन सालों के लिए कमेटी के सदर पद पर निर्वाचित हुए हालांकि पिछले बार उनका निर्वाचन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ था। जीत की घोषणा बाद अरशद हुसैन को निर्वाचन समिति ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। नवनिर्वाचित सदर अरशद हुसैन ने कहा कि वो वक्फ कमेटी व मुस्लिम समाज के हित को लेकर बेहतर कार्य करने का हरसंभव प्रयास करेंगे और समाज के वरिष्ठों सहित युवाओं को साथ लेकर कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे।



### एक महीने तक चली प्रक्रिया

जामा मस्जिद के सदर चुनाव के लिए बीते एक महीने से एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में प्रक्रिया जारी थी। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार भूपेंद्र नेताम के निर्देशन व चुनाव समिति के नेतृत्व में मतदान हुआ। समाज के पुरुषों ने मतदान किया जिसमे शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों और बुजुर्गों ने भी खासा उत्साह दिखाया और भरी गर्मी में मतदान करने आए। पंद्रह फीसदी के आसपास नव मतदाताओं का तहसीलदार भूपेंद्र नेताम ने अभिनंदन किया। पूरे चुनाव को व्यवस्थित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने में चुनाव समिति के सदस्य डॉ मकसूद अहमद, मो इदरीस खान, कय्यूम कुरैशी, इमाम खान व असद उल हक सहित पूरी चुनाव संचालन टीम की भूमिका रही। बोर्ड द्वारा गठित समिति ने बेहतर समन्वय और सहयोग लेते हुए पहली बार पूरी प्रक्रिया साथ निर्विवाद चुनाव कराया।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई, दो माजदा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में गत दिवस खनिज विभाग द्वारा कुमरदा एवं डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम मोतीपुर, नांदिया, धनगांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मोतीपुर स्थित शिवनाथ नदी से रेत खनन कर लगभग 500 मीटर दूरी पर पानी टंकी के पास लगभग 18 ट्रिप माजदा में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया। क्षेत्र में अवैध भण्डारण से रेत का परिवहन करने पर 2 माजदा जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया।

खनि अधिकारी ने बताया कि मोतीपुर कुमरदा निवासी लोकेश निर्मलकर के स्वामित्व के माजदा सीजी 04 आरएल 7909 से वाहन चालक रेखचंद एवं मोतीपुर कुमरदा निवासी शंकर देवांगन के स्वामित्व के माजदा सीजी 09 जेसी 0764 से वाहन चालक सोमेश नायक द्वारा रेत का अवैध भण्डारण से परिवहन करने पर कार्रवाई की गई। प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर विविध आयोजन

# जयंती पर राजपूत समाज ने दी भावांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेवाड़ के वीर शिरोमणि और अदम्य साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 9 मई को रामकृष्ण नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर वीर सपूत की प्रतिमा पर ऊपर चढ़कर रणविजय सिंह एवं गोल्डी भदोरिया द्वारा माल्यार्पण किया गया और उनके आदर्शों को याद किया।



कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के साथ हुई। खराब मौसम और भीषण गर्मी के बावजूद समाज के युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर समाजजनों ने पटाखे फोड़कर व खुशी जाहिर की और उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते महासभा द्वारा राहगीरों और आगंतुकों के लिए कोलड्रिंक्स एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई थी।

### वरिष्ठजनों ने दी सीख

कार्यक्रम का मार्गदर्शन संरक्षक डॉ. आरपीएस भदौरिया ने किया। जिला अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, महासचिव जयनारायण सिंह एवं कोषाध्यक्ष रामनारायण सिंह और संजय बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से समाज को संबोधित करते कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और स्वाभिमान की गाथाएं आज भी प्रासंगिक है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के संस्कारों से जोड़ना है।आयोजन में समाज के सभी प्रमुख स्तंभों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। इसमें ओपी सिंह, रणविजय प्रताप सिंह, संजय परिहार, दीपेश सिंह, संजय बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, संतोष सिंह, विजय राजपूत, मोहन राजपूत, मुन्ना सिंह राजपूत, सुनील सिंह, कपिल सिंह, गोल्डी भदौरिया एवं अखिलेश रघुवंशी उपस्थित थे।



**सौगात:** जलेश्वर महादेव के सौंदर्यीकरण हेतु 50 लाख की घोषणा

# अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज की महासभा में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के डोंगरिया में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को शामिल होकर समाज की एकता, संगठन और देश व प्रदेश के विकास में समाज की भूमिका और अविस्मरणीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि एक संगठित और मजबूत समाज से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों को सिंचाई, सड़क और जलेश्वर महादेव विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी।इसके पूर्व उन्होंने जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और शांति की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कुर्मी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। छत्रपति शिवाजी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसी विभूतियां इस समाज से आती हैं। जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। कुर्मी समाज एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज है।

खेती किसानी में भी समाज काफी आगे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। हम प्रदेशवासियों के लिए राम लला दर्शन योजना चला रहे हैं, अब तक 42 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ किया गया है। देश में 19 तीर्थ स्थल चिन्हित कर बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि पिछले 2.5 वर्षों में हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। महतारी वंदन की 27 किश्त जारी कर चुके हैं, जिससे हर हितग्राही माता बहनों के खाते में अब तक 27- 27 हजार रुपए आ चुके हैं। प्रदेश में 10 हजार 500 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है।

जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। ठीक उसी तरह विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट बना कर हम काम कर रहे हैं। प्रदेश की पांच शक्ति पीठ को विकसित करते हुए कॉरिडोर बना कर जोड़ने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है, वो हमेशा विकास के नए सोपान तय करता है। समाज सशक्त होता है तो देश मजबूत होता है और विकास की राह पर आगे बढ़ता है।

## मुख्यमंत्री ने दी विकास कार्यों की बड़ी सौगात




डोंगरिया में मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने छीरपानी जलाशय मध्यम परियोजना से नहर विस्तारीकरण की घोषणा की। इस परियोजना की अनुमानित लागत 50 करोड़ है। इससे लगभग 1100 हेक्टेयर सिंचित होगा। इसके साथ ही जलेश्वर महादेव के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख और खरहट्टा से डोंगरिया तक 2.5 किमी सड़क उन्नयन की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पंचातय अध्यक्ष श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू, उपाध्यक्ष सानू तिवारी, अंबिका चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्राकर, आईजी बालाजी राव, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### भव्य सामाजिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलाः विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से आज इस भव्य सामाजिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और संगठन में निहित होती है तथा संगठित समाज ही निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि जिस समाज के प्रेरणास्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्तित्व हों, वह समाज स्वाभाविक रूप से यशस्वी और गौरवशाली होता है। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लौह पुरुष का आशीर्वाद और आदर्श भी समाज को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव-गांव में समाज के प्रतिभाशाली युवा और बच्चे मौजूद हैं। ऐसे सामाजिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें भटकाव से बचाने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज मेहनतकश, उन्नत, समृद्ध और उच्च नैतिक मूल्यों को धारण करने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूक और संगठित समाज से अपेक्षा रहती है कि वह केवल अपने समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए भी पथप्रदर्शक बनने का कार्य करे।

# सीसी रोड बना परेशानी का कारण नाली निर्माण को लेकर हलाकान

## सीसी रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर ग्रामीणों एवं राहगीरों परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का डामरीकरण कार्य लगभग एक माह पूर्व पूरा हो चुका है, लेकिन गांव बस्ती के अंदर बनने वाला सीसी रोड अब तक नहीं बन पाया है।

इसके चलते ग्रामीणों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने सीसी रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े पत्थर बाहर निकल आए हैं तथा सड़क पर दरारें पड़ गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पेंड्रीकला, बसनी एवं कोलेगांव के बस्ती क्षेत्र में अंदरूनी सीसी रोड खराब स्थिति में है। सड़क की जर्जर हालत के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जहां सीसी रोड निर्माण स्वीकृत हुआ है वहां जल्द कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव में लगभग 100 मीटर सीसी रोड का निर्माण किया गया है, लेकिन वहां नाली निर्माण नहीं हुआ है। वहीं ग्राम बसनी में करीब 100 मीटर नई नाली बनाई गई है, जबकि सीसी रोड निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। गांव के भीतर लगभग 200 मीटर पुरानी नाली पहले से पंचायत द्वारा निर्मित बताई जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन-प्रशासन स्पष्ट करे कि कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत किस गांव में कितने मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण का प्रावधान है। विशेष रूप से कोलेगांव में नाली निर्माण को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत राशि का लाभ जल्द धरातल पर दिखाई देना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# विहिप अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात पंडरिया में महर्षि नारद मुनि जयंती कार्यक्रम के दौरान हुई। इस मौके पर देश, धर्म, समाज और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार किया गया। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका, युवाओं की भागीदारी, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषय शामिल थे। श्री वर्मा ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा केवल नारों से नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, संस्कार और अपने गौरवशाली इतिहास को समझे तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे।

# भगवती को मिली पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में हिन्दी विषय की शोधार्थी भगवती जायसवाल, निवासी पंडरिया ने शशि प्रभा शास्त्री के उपन्यासों में सामाजिक यथार्थ विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. अजय शुक्ला के निर्देशन में पूरा किया। भगवती रुचि जायसवाल पंडरिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद जायसवाल एवं राजकुमारी जायसवाल की पुत्री हैं। वे संजय जायसवाल और अनिल जायसवाल की छोटी बहन हैं। वर्तमान में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रोहरा पंडरिया में शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्य प्रेमियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

# शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने जंगल सफारी एवं आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन किया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जंगल सफारी में वन्यजीवों एवं प्रकृति को करीब से देखा तथा उनके व्यवहार एवं जीवनशैली से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। वहीं छत्तीसगढ़ के आदिवासी जनजीवन को समझने के लिए विद्यार्थियों ने आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया।

यहां विद्यार्थियों ने आदिवासी समाज के खानपान, परिधान, रहन-सहन, संस्कृति एवं त्यौहारों से जुड़ी वस्तुओं का अवलोकन कर व्यावहारिक जानकारी हासिल की।

इस शैक्षणिक भ्रमण में अंग्रेजी व्याख्याता सुभद्रा शाही सहित शिक्षकों में लोकेश्वरी साहू, पूर्णिमा शर्मा, ऋतुराज शर्मा, विकाश साव, नरेंद्र घृतेष, हेमकल्याणी पटेल, चंद्रमणि लहरें, वर्षा रानी वैष्णव, पूनम चंद्राकर, कल्पना सोम एवं भूपेंद्र गढ़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के प्राचार्य नंद कुमार शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के प्रतिभा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे छात्र-छात्राएं पुस्तकीय ज्ञान से बाहर निकलकर व्यावहारिक रूप से चीजों को समझते हैं। वहीं अंग्रेजी व्याख्याता सुभद्रा शाही ने बताया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे, ताकि उन्हें व्यवहारिक एवं रचनात्मक ज्ञान प्राप्त होता रहे।

# प्रभारी के बयान पर भड़के भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा की रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भाजपा प्रभारी के दिए गए बयान ने तूल पकड़ लिया है।

बैठक में कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रभारी ने नगर पालिका अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस देने की बात कही, जिस पर वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पालिका अध्यक्ष और पार्षद भाजपा की शान हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को अच्छी तरह समझें। कार्यकर्ताओं ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का पालन करते हुए उनकी बातें सुनीं।

### गुटबाजी के लिए बाहरी जिम्मेदार

वरिष्ठ नेताओं ने गुटबाजी पर कहा कि वह कार्यकर्ताओं की देन नहीं है। चुनाव के समय बाहर से आने वाले दावेदारों के कारण गुटबाजी होती है। जब किसी एक को टिकट मिलती है तो बाकी विरोध में सक्रिय हो जाते हैं।

### पद का रौब न दिखाएं प्रभारी

प्रभारी द्वारा केंद्र तक पहुंच होने की बात पर कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का सम्मान करते हैं क्योंकि वह सरकार की धुरी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह पार्टी के जिम्मेदार सिपाही हैं, किसी की चापलूसी नहीं करते। नेताओं ने अंत में कहा कि भविष्य में भी प्रभारी का स्वागत है, लेकिन वह अपनी मर्यादा और कार्यकर्ताओं की इज्जत का विशेष ध्यान रखे।

### प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं भाजपा

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में वरिष्ठ नेताओं ने सीधे शब्दों में कहा कि भाजपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है। उन्होंने प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्होंने जनहित में कितने कार्य किए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं के आशिर्वाद और चाटुकारिता के सहारे आगे बढ़ने वाले लोग कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव के कई नेता डोंगरगढ़ को जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी अमर्यादित व्यवहार नहीं किया।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर बीज निगम के दैनिक वेतन कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। प्रदेशभर में जारी इस आंदोलन के बीच कर्मचारियों में निगम प्रबंधन एवं प्रबंध संचालक के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद उनकी मूलभूत एवं न्यायसंगत मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में श्रम सम्मान निधि की चार हजार रुपए राशि को पुनः बहाल किए जाने की मांग शामिल है।

कर्मचारियों का कहना है कि दिसंबर माह से यह राशि बिना किसी लिखित आदेश, सूचना अथवा वैधानिक प्रक्रिया के बंद कर दी गई। कर्मचारियों ने इसे मनमाना एवं कर्मचारी विरोधी निर्णय बताते हुए कहा कि वर्षों से मिलने वाली राशि को अचानक बंद कर देना उनके साथ अन्याय है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का कहना है कि पहले से ही कम वेतन में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए यह राशि परिवार के भरण-पोषण,बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों का महत्वपूर्ण सहारा थी। राशि बंद होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

वहीं कर्मचारियों की दूसरी प्रमुख मांग आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में कर्मचारी परिवार को 50 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान किए जाने की है। कर्मचारियों का कहना है कि निगम में लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों के लिए किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था नहीं है।

ऐसे में किसी कर्मचारी की असामयिक मृत्यु होने पर उसके परिवार के सामने गंभीर आर्थिक समस्या खड़ी हो जाती है। इधर आंदोलन को कमजोर करने के लिए निगम प्रबंधन पर विभिन्न हथकंडे अपनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित कर्मचारियों पर दबाव बनाकर किसी भी तरह बीज भंडारण कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को भी नियमों के विपरीत बीज निगम में कार्य के लिए भेजा जा रहा है। कर्मचारियों ने इसे तानाशाहीपूर्ण एवं नियम विरुद्ध कार्रवाई बताया है।


### आंदोलनरत कर्मचारियों ने सवाल उठाया

आंदोलनरत कर्मचारियों ने सवाल उठाया कि जब प्रबंधन के पास आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 15 से 17 हजार रुपये तक भुगतान करने के लिए बजट उपलब्ध है, तो वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की 4000 रुपए श्रम सम्मान निधि बहाल करने में परेशानी क्यों हो रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन समाधान निकालने के बजाय आंदोलन को दबाने और कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में लगा हुआ है। हड़ताल के चलते प्रदेश के अधिकांश बीज भंडारण केंद्रों में कार्य प्रभावित हो चुका है। बीज उठाव एवं भंडारण व्यवस्था भी प्रभावित बताई जा रही है।

वैज्ञानिक खेती से उत्पादन बढ़ाने पर फोकस, खेतों में बढ़ी हलचल

# आधुनिक तकनीक से खेती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



खेती-किसानी मानसून आगमन से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ फसल की तैयारी तेज हो गई है। किसान खेतों की जुताई, समतलीकरण एवं उर्वरक प्रबंधन के कार्य में जुट गए हैं। आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक पद्धति के उपयोग से खेती-किसानी में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।

किसान अब पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर एवं समतलीकरण मशीनों की सहायता से खेतों को तैयार किया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी पूरे खेत में समान रूप से बना रहे और फसल का विकास बेहतर हो सके। किसानों का कहना है कि समतल खेतों में धान की फसल समय पर तैयार होती है और उत्पादन भी अच्छा मिलता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, जहां बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है। वहीं कबीरधाम जिले में शक्कर कारखानों एवं गुड़ फैक्ट्रियों की संख्या बढ़ने से अब किसानों का रुझान गन्ना खेती की ओर भी बढ़ने लगा है। इसके बावजूद समर्थन मूल्य में धान खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की व्यवस्था के कारण किसान धान उत्पादन की तैयारी भी कर रहे हैं। किसान अब खेतों में गोबर खाद एवं प्रेसमड जैसी जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ रही है और नमी लंबे समय तक बनी रहती है।

वहीं सोसायटियों एवं खाद गोदामों से डीएपी, यूरिया, सुपर फास्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों का उठाव भी बढ़ गया है। कृषि जानकारों के अनुसार खरीफ फसल मानसून आधारित फसल होती है, जिसके लिए पर्याप्त गर्मी और बारिश आवश्यक होती है। धान, मक्का, ज्वार, बाजरा एवं अरहर जैसी फसलों की बोवनी के लिए किसान अभी से खेत तैयार करने में जुटे हुए हैं।

### वैज्ञानिक खेती से खरीफ तैयारी में तेजी

मानसून सीजन को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ फसल की तैयारी तेज हो गई है। किसान ट्रैक्टर एवं समतलीकरण मशीनों की सहायता से खेत तैयार करने में जुटे हैं। धान, मक्का और अरहर की बोवनी के लिए खेतों की जुताई और समतलीकरण किया जा रहा है। किसान गोबर खाद और प्रेसमड का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। वहीं सोसायटियों से डीएपी, यूरिया और पोटाश खाद का उठाव भी बढ़ गया है। किसान अब वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर बेहतर उत्पादन लेने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130